भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 99

उत्तर देने की तारीख 03 फरवरी, 2025
14 माघ, 1946 (शक)

तमिलनाडु में खेल विज्ञान अवसंरचना

99. श्री एस. जगतरक्षकन:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्र सरकार को देश में विशेषकर जैवयांत्रिकी, पोषण और मनोविज्ञान के क्षेत्रों में सुसज्जित खेल विज्ञान केन्द्रों की आवश्यकता की जानकारी है जो एथलीटों के प्रशिक्षण और विकास के लिए आवश्यक हैं;

(ख) यदि हां, तो केन्द्र सरकार द्वारा तमिलनाडु को उक्त अतिरिक्त केन्द्रों की स्थापना करने में सहायता प्रदान करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं ताकि ऐसी सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके;

(ग) क्या उक्त राज्य में उक्त केन्द्रों की स्थापना और संचालन के लिए खेलो इंडिया कार्यक्रम अथवा किसी अन्य केन्द्रीय योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता अथवा प्रोत्साहन उपलब्ध हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या केन्द्र सरकार की उक्त राज्य में खेल विज्ञान अवसंरचना के विकास के लिए सरकारी-निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करने की कोई योजना है ?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ङ) : जी हां, खिलाड़ियों का प्रदर्शन खेल विज्ञान से काफी जुड़ा हुआ है, यह कौशल को बढ़ावा देने, चोटों की रोकथाम और समग्र शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य सुनिश्चित करता है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय खेल विज्ञान और अनुसंधान केंद्र (एनसीएसएसआर) स्कीम का उद्देश्य शीर्ष खिलाड़ियों के उच्च प्रदर्शन के संबंध में उच्च स्तरीय अनुसंधान शिक्षा और नवाचार में सहायता करना है। इस स्कीम के तहत, इस मंत्रालय ने इंदिरा गांधी खेल परिसर, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), नई दिल्ली में एनसीएसएसआर की स्थापना की है, जो हब के रूप में और साई के 11 राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों और 2 उच्च प्रदर्शन केंद्रों को खेल विज्ञान उपकरण प्रदान करने में सहायता की, जो स्पोक के रूप में कार्य करते हैं।

इसके अलावा, यह मंत्रालय तमिलनाडु के अन्नामलाई विश्वविद्यालय सहित देश भर के छह चयनित विश्वविद्यालयों/संस्थानों में खेल विज्ञान विभाग की स्थापना में भी सहायता (वित्त पोषण) करता है। ये चयनित विश्वविद्यालय/संस्थान खेल विज्ञान विषयों जैसे खेल जैव रसायन, खेल बायोमैकेनिक्स और प्रदर्शन विश्लेषण, खेल पोषण, खेल फिजियोलॉजी, खेल मनोविज्ञान, खेल प्रशिक्षण विधियां/फिटनेस प्रबंधन और खेल फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में मास्टर डिग्री/पीएचडी कार्यक्रम संचालित कर रहे हैं।

जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, चेन्नई, तमिलनाडु को खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (केआईएससीई) के रूप में भी चिन्हित करके उन्हें खेल विज्ञान उपकरणों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

*****